भूमि-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

3091. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :**
डा० मुरली मनोहर जोशी :
श्री शान्ति त्यागी :
डा० नौनिहाल सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भूमि अभिलेखों कम्प्यूटरीकरण हेतु 21 प्रायोगिक योजनायें आरम्भ की हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसी परियोजनायें कहां-कहां आरम्भ की गई हैं ;

(ग) उक्त परियोजनाओं के अधीन संपन्न किये गये कार्य का ब्यौरा क्या है और क्या उक्त कार्य संतोषजनक ढंग से किया जा रहा है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) भूमि अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण के बारे में 21 प्रायोगिक परियोजनायें पहले ही शुरू की जा चुकी हैं ।

(ख) एक विवरण संलग्न है । (**नीचे देखिए**)

(ग) परियोजनायें कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं । प्रारंभिक मूल्यांकन से उत्साहजनक परिणाम सामने आये हैं । भारत सरकार ने अब इस परियोजना को एक चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों में लागू करने का निर्णय लिया है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

क्रम संख्या	राज्य	जिला
1.	मध्य प्रदेश	मुरैना
2.	आंध्र प्रदेश	रंगारेड्डी
3.	उड़ीसा	मयूरभंज
4.	असम	सोनितपुर
5.	राजस्थान	डूंगरपुर
6.	बिहार	सिंहभूम
7.	गुजरात	अहमदाबाद
8.	महाराष्ट्र	वर्धा
9.	उत्तर प्रदेश	देवरिया
10.	तमिलनाडु	सलेम
11.	पश्चिम बंगाल	बर्दवान
12.	हिमाचल प्रदेश	कांगड़ा
13.	हरियाणा	रिवाड़ी
14.	जम्मू व कश्मीर	श्रीनगर तथा जम्मू
15.	कर्नाटक	गुलबर्गा
16.	केरल	तिरूवनंतपुरम्
17.	पंजाब	रोपड़
18.	त्रिपुरा	उत्तरी जिला
19.	मणिपुर	इंफाल, बिशनपुर और थोबल
20.	सिक्किम	संपूर्ण राज्य
21.	दिल्ली	संपूर्ण केन्द्र शासित क्षेत्र